**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 21.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व स्वास्थ्य सभा के अठहत्तरवें सत्र में भारत के अनुकरणीय, मानक और टिकाऊ स्वास्थ्य मॉडल के दृष्टिकोण को रेखांकित किया।
- ऑपरेशन सिंदूर पर भारत की कूटनीतिक पहल आज से शुरू होगी।
- सर्वोच्च न्यायालय ने कल वक्फ संशोधन अधिनियम– 2025 की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की।
- संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत संचार बाजार वर्ष – 2028 तक तीस बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वस्थ दुनिया का भविष्य समावेशी और एकीकृत दृष्टिकोण तथा परस्पर सहयोग पर निर्भर करता है। उन्होंने ग्लोबल साउथ के देशों के विशेष रूप से स्वास्थ्य चुनौतियों से प्रभावित होने का जिक्र करते हुए कहा कि इससे निपटने के लिए भारत का दृष्टिकोण एक अनुकरणीय, मानक और टिकाऊ मॉडल प्रदान करता है। प्रधानमंत्री स्विट्जरलैंड के जिनेवा में आयोजित विश्व स्वास्थ्य सभा के सत्र को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने देश भर में स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों का एक विशाल नेटवर्क बनाया है। दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का लाभ 58 करोड लोगों को मिल रहा है। उन्हें मुफ्त इलाज दिया जा रहा है। श्री मोदी ने भारत की निःशुल्क टेलीमेडिसिन सेवा पर कहा कि इसमें 34 करोड से अधिक परामर्श दिए गए हैं। श्री मोदी ने सभी देशों को जून में 11वें विश्व योग दिवस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिन्दूर के जरिए भारतीय सेना पाकिस्तान में बडी संख्या में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने में सफल रही है। ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति से दुनिया को अवगत कराने के लिए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का पहला दल कल चार देशों की यात्रा पर रवाना होगा। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो और सियरा लियोन का दौरा करेगा। श्री शिंदे ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को कैसे बढावा दे रहा है इसकी जानकारी पूरे विश्व को दी जाएगी।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज पीएम पोषण योजना के कार्यान्वयन से संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के समग्र प्रदर्शन की समीक्षा की। श्री प्रधान ने कहा कि यह बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार, बालवाटिका से कक्षा 8 तक नामांकन और उपस्थिति को बढ़ावा देने और ड्रॉप–आउट को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है।

<><><><><><><>

द्वीप नारियल महोत्सव–2025 के उत्सव को प्रशासनिक कारणों से, स्थगित कर दिया गया है अब इस कार्यक्रम का आयोजन इक्कतीस मई और एक जून को किया जाएगा।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम आज शाम साढ़े पांच बजे से छह बजे तक "दंत क्षय के उपचार में आधुनिक दृष्टिकोण" विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण करेगा। डॉ. प्रमीत स्टूडियो में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देने वाले विशेषज्ञ होंगे। दर्शक फोन संख्या– 244745 और 245662 पर संपर्क कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने आज वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने कहा कि इस कानून पर रोक लगाने के लिए मजबूत मामला पेश करना होगा। मुख्य न्यायाधीश ने

कहा कि संसद द्वारा पारित कानूनों में तब तक अदालतें हस्तक्षेप नहीं करतीं, जब तक कि उनमें स्पष्ट रूप से असंवैधानिकता साबित न हो जाए। पीठ आज केंद्र सरकार का पक्ष सुनेगी।

<><><><><><><>

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–सीआईएसएफ की महिला उप–निरीक्षक गीता समोटा ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर इतिहास रच दिया है। वह ऐसा करने वाली सीआईएसएफ की पहली अधिकारी हैं। सीआईएसएफ ने कहा है गीता ने सिर्फ माउंट एवरेस्ट को ही फतह नहीं किया है बल्कि उस सोच पर भी जीत पाई है जिसमें यह माना जाता रहा है कि पर्वतारोहण जैसा क्षेत्र महिलाओं के लिए नहीं है।

<><><><><><><>

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत में उपग्रह संचार बाजार वर्ष 2028 तक 20 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि उपग्रह संचार के क्षितिज पर होने के साथ भारत के प्रत्येक कोने में अगली पीढ़ी की सेवाएं प्रदान करने और नेतृत्व करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि देश न केवल उभरती हुई प्रौद्योगिकियों को अपनाएगा, बल्कि उन्हें सार्वभौमिक, सार्थक और स्पष्ट रूप से आकार देगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने सोमवार को दीव में खेलों के स्थल घोघला बीच पर एक रंगारंग समारोह में खेलो इंडिया के तहत पहली बार आयोजित बीच गेम्स की औपचारिक घोषणा की। खेलो इंडिया बीच गेम्स में तीस से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के एक हजार तीन सौ पंचास से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। द्वीपसमूह से उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने दीव के ब्लू–फ्लैग प्रमाणित घोघला बीच में खेलो इंडिया बीच गेम्स–2025 के उद्घाटन समारोह में भाग लिया, जिसमें पुदुचेरी के उपराज्यपाल कुनियिल कैलाशनाथन और दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव और लक्षद्वीप के प्रशासक प्रफुल्ल के पटेल भी शामिल हुए। उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने अपने संबोधन में कार्यक्रम के प्रतिभागियों और बीच गेम्स 2025 में भाग लेने वाले द्वीपसमूह के दल को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट से भारत की विविध खेल प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने और देश में समुद्र तट के खेलों को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

<><><><><><><>

चौबीस और पच्चीस मई को होने वाली ओपन स्टेट एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 को अंडमान और निकोबार एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा खराब मौसम की स्थिति के कारण स्थगित कर दिया गया है। संशोधित तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। जिन एथलीटों ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे अट्‌ठाईस मई से पहले नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलम्पिक संघ कार्यालय में अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

मुख्य सचिव ने ज़िला आपदा पॉकेट गाइड का शुभारंभ किया और लिटिल अण्डमान तहसील में ई–कॉर्नर का वर्चुअल उद्‌घाटन किया–**द्वीप समाचार** की बडी खबर है। अखबार ने नौ से तेईस जून तक सर्किट कोर्ट का आयोजन करने के समाचार को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। **डेली टेलीग्राम्स** ने उपराज्यपाल के खेलों इंडिया बीच गेम्स के उद्‌घाटन समारोह में शामिल होने के समाचार को अपनी पहली हेडलाइन बनाया है। **इंफो इंडिया** ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है–जिसमें उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विश्व के निर्माण लिए कमज़ोर लोगों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की ज़रूरत है–**द इको ऑफ इंडिया** ने प्राथमिक स्कूल शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन के समाचार को भीतर के पन्ने में प्रकाशित किया है। **द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने नारियल महोत्सव–2025 के स्थगित होने के समाचार को पहले पन्ने के मध्य में जगह दी है।

<><><><><><><>